# सरकारी नौकरी के साथ रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें



**इन्वेस्टर्स समिट मीट को संबोधित करते वक्ता।**

कानपुर, 4 फरवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में शनिवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के तहत इन्वेस्टर्स समिट मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रवीर कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि युवा सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश को भी सुनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को रोजगार युक्त बनाए जाने के लिए कई उदाहरण भी पावर प्वॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रदेश में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य उद्यमिता के क्षेत्रों की भी जानकारी हासिल करनी चाहिये ताकि सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त दूसरे उद्यमों के माध्यम से भी आगे बढ़ सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे छात्रों एवं कृषक हितैषी शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों के कार्यक्रमों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक शोध डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सीएसए के अतिरिक्त कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने भी प्रदान किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सचिव, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत भी उपस्थित रहीं। मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. श्वेता यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. सीएल मौर्य, डॉ. मुनीष गंगवार, डॉ. आरके यादव, विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान सहित अन्य शिक्षक वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

अमर उजाला कानपुर 05/02/2023




सीएसए में हुई इन्वेस्टर्स मीट में उपस्थित छात्र-छात्राएं। संवाद

# सरकारी नौकरियां कम हैं, युवा स्टार्टअप शुरू कर दें रोजगार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कानपुर।** सरकारी नौकरियां कम हैं। निवेश होगा तो निजी क्षेत्र में रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसीलिए प्रदेश सरकार 10 फरवरी से लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। यदि कृषि छात्र, एग्री जंकशन के सहयोग से खुद का स्टार्टअप शुरू करें तो वे स्वयं आत्मनिर्भर रहने के साथ साथ दूसरों को रोजगार भी दे सकते हैं।

शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में मुख्य अतिथि यूपीएसएसएससी के चेयरमैन प्रवीर कुमार ने छात्रों से ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश और विदेश की कंपनियां निवेश के लिए आएंगी। उन्होंने किसानों की आय दोगुना करने और छात्रों को रोजगार दिलाने के तरीके बताए।



प्रवीर कुमार।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विवि द्वारा किए जा रहे छात्रों, कृषक हितैषी, शिक्षा, शोध और प्रसार गतिविधियों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर निदेशक शोध डॉ. विजय कुमार यादव, निशा अनंत, सीडीओ सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

झारखंड की हेमंत सरकार देश की सबसे... 12

जांच में लीपापोती का आरोप, आशा बहुओं का डीएम... 10

जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 115
मूल्य: ₹ 3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 05 फरवरी, 2023



# युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के बारे में दी सलाह



**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में बीते दिन शनिवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के तहत इन्वेस्टर्स सम्मिट मीट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ जल संरक्षण संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रवीर कुमार ने छात्र–छात्राओं को बताया कि युवा सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें। उन्होंने पावर पॉइंट के माध्यम से उपस्थित छात्र–छात्राओं को रोजगार युक्त बनाए जाने के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रदेश में 10 से 12 फरवरी तक होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ–साथ अन्य उद्यमिता के क्षेत्रों की भी जानकारी हासिल करनी चाहिए जिससे कि सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त दूसरे उद्यमों के माध्यम से भी आगे बढ़ सके। उन्होंने कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन (एफ़पीओ) बनाकर तथा एकीकृत कृषि प्रणाली अपना कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। कुलपति डॉ.विजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे छात्रों एवं कृषक हितेषी शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों के कार्यक्रमों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक शोध डॉ. विजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सीएसए के अतिरिक्त कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने भी प्रदान किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव,उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत उपस्थित रहीं। डॉ.सी.एल.मौर्य, डॉ.मुनीष गंगवार, डॉ. आर.के. यादव, डॉ.खलील खान सहित अन्य शिक्षक वैज्ञानिक एवं छात्र छात्राएं रहे।

हिंदुस्तान कानपुर 05/02/2023

की कारण खून का अधिक रिसाव होना बताया गया था। लोक निर्माण मंत्री जिति

अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के चेयरमैन प्रवीर कुमार ने कृषि क्षेत्र के बारे में बताया

# सरकारी क्षेत्र में रोजगार सीमित बढ़ाने के लिए निजी निवेश जरूरी

**इन्वेस्टर्स समिट**

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) में शनिवार को आयोजित प्री इन्वेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि प्रवीर कुमार ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां सीमित हैं। यदि निजी क्षेत्र का विस्तार होता है तो नौकरियों के अवसर बढ़ जाते हैं। उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट मीट का उद्देश्य भी यही है ताकि रोजगार सृजन को बढ़ाया जा सके।

उन्होंने कहा हाल ही में अधीनस्थ चयन सेवा की अर्हता परीक्षा हुई थी जिसके लिए 37 लाख ने आवेदन किया था। 25 लाख ने परीक्षा दी। इनमें से 25 हजार को नौकरी मिलनी है। ऐसे में पूंजी निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर बढ़ जाएंगे।

शासन के प्रतिनिधि की हैसियत से बताया कि 10 से 12 तक लखनऊ में होने वाली इन्वेस्टर्स मीट में दुनिया भर के निवेशक आएंगे। इनके लिए 25 ऐसे क्षेत्र हैं जहां निवेश कर सकते हैं। इसमें एक कृषि क्षेत्र है जिसमें कई बड़े निवेशक निवेश को तैयार हैं। निवेश बढ़े इसके लिए उन्हें सुविधाएं दी जा रही हैं। एग्री जंक्शन से छात्र रोजगार की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## सीएम ने दिया संदेश डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई

अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि यूपी निवेशकों का फेवरेट डेस्टिनेशन बन गया है। मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि देश की इकोनॉमी में एक ट्रिलियन डॉलर की हिस्सेदारी केवल यूपी से होगी। यहां यूपी के विकास के संदर्भ में एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। विशिष्ट अतिथि सचिव, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, कुलपति डॉ. विजेंद्र सिंह, निदेशक शोध डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. सीएल मौर्य, डॉ. मनीष गंगवार, डॉ. आरके यादव, डॉ. खलील खान आदि उपस्थित थे। संचालन डॉ. श्वेता यादव ने किया।



प्री इन्वेस्टर्स समिट में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रवीर कुमार ने विचार व्यक्त किए।



सीएसए में शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों को सरकार की योजनाएं बताई गईं।

र्मियों के वेतन माघ पूर्णिमा पर आज अब ग्रीनपार्क

(हिन्दी दैनिक)

(गांव देहात की खबर, शहर पर भी नजर)

# दि ग्राम टुडे

उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से एक साथ प्रसारित

## खबरें एक नजर

# सीएसए में हुआ इन्वेस्टर्स समिट मीट कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**दि ग्राम टुडे, कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में आज यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के तहत इन्वेस्टर्स सम्मिट मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री प्रवीर कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि युवा सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें। कार्यक्रम में प्रदेश के ओजस्वी मा. मुख्यमंत्री योगी श्री योगी आदित्यनाथ जी के संदेश को भी सुनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को रोजगार युक्त बनाए जाने के लिए कई उदाहरण भी पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रदेश में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य उद्यमिता के क्षेत्रों की भी जानकारी हासिल करनी चाहिए जिससे कि सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त दूसरे उद्यमों के माध्यम से भी आगे बढ़ सके। उन्होंने कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन (ए?पीओ) बनाकर तथा एकीकृत कृषि प्रणाली अपना कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे छात्रों एवं कृषक हितेषी शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों के कार्यक्रमों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक शोध डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सीएसए के अतिरिक्त कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने भी प्रदान किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सचिव,उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत भी उपस्थित रहीं। अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद कानपुर के मुख्य विकास अधिकारी श्री सुधीर कुमार ने दिया। जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर श्वेता यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सी एल मौर्य, डॉक्टर मुनीष गंगवार,डॉक्टर आरके यादव, विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित अन्य शिक्षक वैज्ञानिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

दैनिक जागरण कानपुर 05/02/2023

# 'कृषि छात्र स्टार्टअप के जरिए बनें आत्मनिर्भर'

जासं, कानपुर: युवा सरकारी नौकरी के साथ रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें। वे खुद का स्टार्टअप शुरू करें। यदि कृषि छात्र एग्री जंक्शन के प्लेटफार्म पर आकर खुद का स्टार्टअप शुरू करेंगे तो स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ दूसरों को रोजगार मुहैया करा सकेंगे। प्रदेश में निवेश बढ़ाने और निजी सेक्टर में रोजगार के अवसर विकसित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार 10 फरवरी से लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने जा रही है। ये बातें शनिवार को सीएसए कृषि विश्वविद्यालय में इन्वेस्टर्स मीट में शिरकत करने पहुंचे मुख्य अतिथि यूपीएसएसएससी के चेयरमैन प्रवीर कुमार ने कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण के संदेश के साथ हुआ।



इन्वेस्टर्स मीट में पहुंचे (बाएं) मुख्य अतिथि यूपीएसएसएससी के चेयरमैन प्रवीर कुमार, साथ में कुलपति विजेंद्र सिंह • सीएसए

उन्होंने कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन यानी एफपीओ बनाकर व एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। राज्य में स्टार्टअप, रक्षा, आइटी, कृषि और पर्यटन समेत 25 सेक्टरों में निवेश के लिए लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बड़ा माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश सुनाया गया।

कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने छात्रों, कृषक हितैषी, शिक्षा, शोध और प्रसार गतिविधियों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव निशा अनंत, नोडल अधिकारी निदेशक शोध डा. विजय कुमार यादव, सीडीओ सुधीर कुमार, डा. श्वेता यादव, डा. सीएल मौर्य, डा. मुनीष गंगवार, डा. आरके यादव, मीडिया प्रभारी डा. खलील खान मौजूद रहे।

वर्ष 17 अंक 35 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रू0 कानपुर, रविवार 05 फरवरी 2023

कानपुर व औरैया से एक साथ प्रकाशित, लखनऊ, इलाहाबाद, बुंदेलखंड, फतेहपुर, इटावा, कन्नौज, मैनपुरी,ऐटा, हरदोई, उन्नाव,कानपुर देहात में प्रसारित

RNI N.UPHIN/2007/27090

दैनिक नगर छाया

आप की आवाज़.....

# सीएसए में हुआ इन्वेस्टर्स समिट मीट कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में आज यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के तहत इन्वेस्टर्स सम्मिट मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री प्रवीर कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि युवा सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें। कार्यक्रम में प्रदेश के ओजस्वी मा. मुख्यमंत्री योगी श्री योगी आदित्यनाथ जी के संदेश को भी सुनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को रोजगार युक्त बनाए जाने के लिए कई उदाहरण भी पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रदेश में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य उद्यमिता के क्षेत्रों की भी जानकारी हासिल करनी चाहिए जिससे कि सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त दूसरे उद्यमों के माध्यम से भी आगे बढ़ सके। उन्होंने कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन (एफ़पीओ) बनाकर तथा एकीकृत कृषि प्रणाली अपना कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे छात्रों एवं कृषक हितैषी शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों के कार्यक्रमों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक शोध डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सीएसए के अतिरिक्त कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने भी प्रदान किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सचिव,उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत भी उपस्थित रहीं। अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद कानपुर के मुख्य विकास अधिकारी श्री सुधीर कुमार ने दिया। जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर श्वेता यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सी एल मौर्य, डॉक्टर मुनीष गंगवार,डॉक्टर आरके यादव, विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित अन्य शिक्षक वैज्ञानिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।



WORLD ख़बर EXPRESS

# WORLD ख़बर एक्सप्रेस

शनिवार 04 जनवरी, 2023 | अंक - 280

www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com

www.twitter.com/worldkhabarexpress www.facebook.com/worldkhabarexpress www.youtube.com/worldkhabarexpress MID DAY

## सीएसए में हुआ इन्वेस्टर्स समिट मीट कार्यक्रम का भव्य आयोजन








कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में आज यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के तहत इन्वेस्टर्स सम्मिट मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जल संरक्षण संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री प्रवीर कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि युवा सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें। कार्यक्रम में प्रदेश के ओजस्वी मा. मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ जी के संदेश को भी सुनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को रोजगार युक्त बनाए जाने के लिए कई उदाहरण भी पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रदेश में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य उद्यमिता के क्षेत्रों की भी जानकारी हासिल करनी चाहिए जिससे कि सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त दूसरे उद्यमों के माध्यम से भी आगे बढ़ सके। उन्होंने कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाकर तथा एकीकृत कृषि प्रणाली अपना कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे छात्रों एवं कृषक हितैषी शिक्षा, शोध एवं प्रसार गतिविधियों के कार्यक्रमों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक शोध डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सीएसए के अतिरिक्त कानपुर विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने भी प्रदान किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सचिव, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत भी उपस्थित रहीं। अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद कानपुर के मुख्य विकास अधिकारी श्री सुधीर कुमार ने दिया। जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर श्वेता यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सी एल मौर्य, डॉक्टर मुनीष गंगवार, डॉक्टर आरके यादव, विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान सहित अन्य शिक्षक वैज्ञानिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय सहारा

05/02/2023

# 'सरकारी नौकरी के अलावा रोजगार के अन्य विकल्प भी तलाशें छात्र'

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में 'यूपी इंवेस्टर्स समिट 2023' के तहत इन्वेस्टर्स समिट' का आयोजन शनिवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस प्रवीर कुमार ने इस अवसर पर युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार के अन्य विकल्प को भी तलाशने का संदेश दिया। उन्होंने इस अवसर

**सीएसए में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में पूर्व आईएएस प्रवीर कुमार ने सुनाया मुख्यमंत्री का संदेश**

पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश सुनाने के साथ ही 10 से 12 फरवरी के बीच आयोजित की जा रही ' ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाकर तथा एकीकृत कृषि



सीएसए में इन्वेस्टर्स समिट में छात्रों को संबोधित करते पूर्व आईएएस प्रवीर कुमार। फोटो : एसएनबी

द्वारा किये जा रहे छात्र एवं कृषक हितैषी कार्यों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक शोध डॉ.विजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में कानपुर

सीडीओ कानपुर सुधीर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. श्वेता यादव के संचालन में संपन्न कार्यक्रम के अवसर पर डॉ.सीएल मौर्य, डॉ.मनीष गंगवार, डॉ.आरके यादव